# केन्द्रीय विद्यालय संगठन, लखनऊ संभाग
# मध्यावधि परीक्षा 2023-24
विषय – हिंदी कक्षा - छठवीं

निर्धारित समय : **2** घंटे **30** मिनट
अधिकतम अंक : **60**

<u>सामान्य निर्देश</u> : -

1.प्रश्नपत्र को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।
2.सभी प्रश्नों के उत्तर देना आवश्यक है।
3.समय-सीमा का ध्यान रखते हुए निर्देशानुसार उत्तर लिखिए।

प्रश्न-**1** निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए- 1x5= 5

संसार में सबसे मूल्यावान वस्तु समय है क्योंकि दुनिया की अधिकांश वस्तुओं को घटाया-बढ़ाया जा सकता है, पर समय का एक क्षण भी बढ़ा पाना व्यक्ति के बस में नहीं है। समय के बीत जाने पर व्यक्ति के पास पछतावे के अलावा कुछ नहीं होता। विद्यार्थी के लिए तो समय का और भी अधिक महत्त्व है। विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य है शिक्षा प्राप्त करना। समय के सदुपयोग से ही शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। जो विद्यार्थी अपना बहुमूल्य समय खेल-कूद, मौज-मस्ती तथा आलस्य में खो देते हैं वे जीवन भर पछताते रहते हैं, क्योंकि वे अच्छी शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं और जीवन में उन्नति नहीं कर पाते। मनुष्य का कर्तव्य है कि जो क्षण बीत गए हैं, उनकी चिंता करने के बजाय जो अब हमारे सामने हैं, उसका सदुपयोग करें।

**i-** समय को सबसे अमूल्य वस्तु क्यों कहा गया है?
(क) इसका एक क्षण भी घटाया-बढ़ाया नहीं जा सकता (ख) समय व्यक्ति के वश में नहीं है
(ग) समय ही व्यक्ति के जीवन को बदल सकता है (घ) मनुष्य उस समय की गति को नहीं रोक सकता

**ii-** गद्यांश के आधार पर विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य है-
(क) जीवन को सुखी बनाना (ख) गुरुओं का आदेश मानना
(ग) जीवन में समय को महत्त्व देना (घ) शिक्षा प्राप्त करना

**iii-** गद्यांश के आधार पर विद्यार्थी जीवन भर क्यों पछताते रहते हैं ?
(क) क्योंकि वे आलसी होते हैं (ख) क्योंकि वे अपना कीमती समय मौज मस्ती और आलस्य में खो देते हैं
(ग) क्योंकि वे ज्ञान प्राप्त नहीं करते (घ) क्योंकि विद्यार्थी माता-पिता और गुरुओं की आज्ञा का पालन नहीं करते

**iv-** समय के संबंध में व्यक्ति का क्या कर्तव्य बताया गया है?
(क) परिश्रम करें (ख) बीते समय के बारे में पश्चाताप न करके वर्तमान समय का सदुपयोग करें
(ग) मन लगाकर पढ़ाई करें (घ) उपर्युक्त सभी

**v-** उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक सुझाइए |
(क) समय का सदुपयोग (ख) समय और मनुष्य
(ग) विद्यार्थी और समय (घ) अमूल्य समय

प्रश्न-**2** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए- 1x5= 5

बात सभी ने यह है मानी।
हवा सुबह की बड़ी सुहानी।
सदा ताज़गी देती है यह।

आलस को हर लेती है यह ॥
यह रोगी न होने देती।
तनिक न सेहत खोने देती।
सुबह सैर पर जाकर देखो।
हवा निराली पाकर देखो।
अगर सैर पर नित जाओगे।
अच्छी सेहत तुम पाओगे।

**i-** इस कविता में किसका गुणगान किया गया है**?**

(क) सुबह की ताज़गी भरी हवा का (ख) सुबह-सुबह योगाभ्यास करने का

(ग) सुबह-सवेरे कसरत करने का (घ) इन सभी का

**ii-** सुबह की हवा के बारे में क्या बताया गया है**?**

(क) सुबह की हवा ताज़गी देती है (ख) यह अच्छी सेहत देती है

(ग) यह स्वस्थ रखती है (घ) उपर्युक्त सभी

**iii-** सुबह सैर पर जाने से क्या लाभ मिलेगा**?**

(क) व्यक्ति धनवान बनेगा (ख) अच्छा स्वास्थ्य मिलेगा

(ग) अच्छे दोस्त बनेंगे (घ) इनमें कोई नहीं

**iv-** इस कविता का उपयुक्त शीर्षक होगा

(क) सुबह की हवा (ख) सुबह की सैर

(ग) अच्छी सेहत एक वरदान (घ) आलस्य दूर भगाने का मंत्र

**v-** 'नित' शब्द का अर्थ क्या है**?**

(क) सदा (ख) अच्छा

(ग) कुल (घ) शायद

प्रश्न**-3** पाठ्य पुस्तक से दिए गए निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए**-** 1x5= 5

वैसे डॉक्टर साहिब ने पूरा आश्वासन दिया था, लेकिन चश्मा तो अब तक नहीं उतरा। नंबर बस कम ही होता रहा! मैं अपने–आप इसकी ज़िम्मेवार हूँ। जब आप दिन की रोशनी को छोड़कर रात में टेबल-लैंप के सामने काम करेंगी- तो इसके अलावा और क्या होगा! हाँ, जब पहली बार मैंने चश्मा लगाया तो मेरे एक चचेरे भाई ने छेड़ा- देखो, देखो, कैसी लग रही है! आँख पर चश्मा लगाया ताकि सूझे दूर की, यह नहीं लड़की को मालूम सूरत बनी लंगूर की! मैं खीझी कि मुझ पर यह क्यों दोहराया जा रहा है! पर शेर बुरा न लगा।

जब वह चाय पीकर चले गए, तो मैं अपने कमरे में जाकर आईने के सामने खड़ी हो गई। कई बार अपने को देखा। ऐनक उतारी। फिर पहनी। देखती रही – देखती रही।

**i-** डॉक्टर साहिब ने लेखिका को क्या आश्वासन दिया था**?**

(क) चश्मा नहीं उतरेगा (ख) चश्मा उतर जाएगा

(ग) चश्मा ठीक हो जाएगा (घ) चश्मा नहीं ठीक होगा

**ii-** दिन की रोशनी को छोड़कर रात में टेबल**-**लैंप के सामने काम करने से क्या हुआ**?**

(क) लेखिका का चश्मा नहीं उतरा (ख) लेखिका का चश्मा उतर गया

(ग) लेखिका की नजर कमजोर हो गई (घ) लेखिका का चश्मा खो गया

**iii-** लेखिका के पहली बार चश्मा लगाने पर किसने चिढ़ाया**?**

(क) डॉक्टर ने (ख) लेखिका के चचेरे दोस्त ने

(ग) लेखिका के चचेरे भाई ने (घ) किसी ने नहीं चिढ़ाया

**iv-** पंक्ति पूरी कीजिए**-**

आँख पर चश्मा लगाया ताकि सूझे दूर की**,** यह नहीं लड़की को मालूम**……………………!**

(क) सूरत बनी फ़क़ीर की (ख) सूरत बनी अंजीर की

(ग) सूरत बनी अंगूर की (घ) सूरत बनी लंगूर की

**v-** आईने के सामने खड़ी होने के बाद लेखिका ने क्या किया**?**

(क) ऐनक उतारी, पहनी और देखती रही (ख) ऐनक फेंक दिया

(ग) जोर से रोने लगी (घ) चचेरे भाई को खूब सुनाया

प्रश्न**-4** पाठ्य पुस्तक से दी गई काव्य पंक्तियों को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए**-** 1x5= 5

हमको बुद्धू ही निरा समझा है!
हम समझते ही नहीं जैसे कि
आपको बीमारी है:
आप घटते हैं तो घटते ही चले जाते हैं
और बढ़ते हैं तो बस यानी कि
बढ़ते ही चले जाते हैं-
दम नहीं लेते हैं जब तक बि ल कु ल ही
गोल न हो जाएँ
बिलकुल गोल।
यह मरज आपका अच्छा ही नहीं होने में...
आता है

**i-** दस**-**ग्यारह साल की लड़की की सोच में उसे कौन निरा बुद्धू समझता है **?**

(क) सूरज (ख) चंद्रमा

(ग) तारा (घ) आकाश

**ii-** लड़की के अनुसार चंद्रमा को कौन सी बीमारी है**?**

(क) घटते हैं तो घटते ही चले जाते हैं (ख) बढ़ते हैं तो बढ़ते ही चले जाते हैं

(ग) केवल 'क' (घ) 'क' और 'ख' दोनों

**iii-** चंद्रमा घटते या बढ़ते हुए कब तक दम नहीं लेता है**?**

(क) जब तक कोई टिप्पणी न करे (ख) जब तक कहीं छिप न जाए

(ग) जब तक बिलकुल गोल न हो जाए (घ) जब तक किसी को नज़र आए

**iv-** पंक्ति पूरी कीजिए**-**

आप घटते हैं तो घटते ही चले जाते हैं और बढ़ते हैं तो बस यानी कि**……….**

(क) बढ़ते ही चले जाते हैं (ख) सिमटते ही चले जाते हैं

(ग) फिसलते ही चले जाते हैं (घ) मटकते ही चले जाते हैं

**v-** दस**-**ग्यारह साल की लड़की की समझ से चाँद कैसा व्यक्ति है**?**

(क) मूर्ख (ख) समझदार

(ग) रोगी (घ) निरोगी

प्रश्न-**5** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार प्रश्नों</u> के उत्तर दीजिए**-**
2x4= 8

(क) 'वह चिड़िया जो' कविता के आधार पर बताइए कि चिड़िया को किन-किन चीज़ों से प्यार है?

(ख) लेखिका अपने बचपन में कौन-कौन सी चीजें मज़े लेकर खाती थी?

(ग) मेहनत करने वालों का रास्ता कैसा होता है?

(घ) 'ऐसे-ऐसे' पाठ में मोहन क्यों बहाना बना रहा था?

(ङ) केशव ने श्यामा से चिथड़े, टोकरी और दाना-पानी मँगाकर कार्निस पर क्यों रखे थे?

प्रश्न-**6** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन प्रश्नों</u> के उत्तर दीजिए**-**
2x3= 6

**(1)** महर्षि विश्वामित्र द्वारा राम-लक्ष्मण को माँगे जाने पर महर्षि वशिष्ठ ने राजा दशरथ को क्या समझाया ?

(ख) महर्षि विश्वामित्र अयोध्या से किन्हें साथ लेकर चले थे और उन्होंने कहाँ विश्राम किया?

(ग) सीता स्वयंवर के समय यज्ञशाला में क्यों सन्नाटा छा गया?

(घ) विश्वामित्र और कैकेयी दोनों ही दशरथ को रघुकुल के वचन निभाने की प्रथा याद दिलाते हैं | तुम अपने अनुभवों की मदद से बताओ कि क्या दिया हुआ वचन निभाना हमेशा संभव होता है ?

प्रश्न-**7** निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए**-**
1x8= 8

**i-** यमुना नदी के किनारे कई प्रसिद्ध नगर बसे हुए हैं। इस वाक्य में कौन**-**सा शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा का है**?**

(क) प्रसिद्ध (ख) नदी
(ग) नगर (घ) यमुना

**ii-** दिए गए शब्दों में से कौन**-**सा शब्द भाववाचक संज्ञा है**?**

(क) मयंक (ख) पथरीला
(ग) सुंदरता (घ) पुस्तक

**iii-** **'**लाल फूल' में लाल शब्द क्या होगा**?**

(क) संज्ञा (ख) सर्वनाम
(ग) विशेषण (घ) क्रिया

**iv-** जंगली शब्द में कौन**-**सा प्रत्यय है**?**

(क) इ (ख) ई
(ग) ली (घ) जं

**v-** **'**हाथ पैर फूलना' मुहावरे का क्या अर्थ है

(क) घबरा जाना (ख) हाथ फूल जाना
(ग) हाथ पैर में हवा भरना (घ) इनमें से कोई नहीं।

**vi-** मोहन आज विद्यालय जाएगा। इस वाक्य में काल के आधार पर क्रिया का कौन**-**सा रूप है**?**

(क) वर्तमानकालिक (ख) भूतकालिक
(ग) भविष्यकालिक (घ) इनमें से कोई नहीं

**vii-** **'**कितने स्वच्छ रंगीन कपड़े' में विशेषण क्या है**?**

(क) कपड़े (ख) स्वच्छ
(ग) रंगीन (घ) कितने

**viii-** उचित विशेषण शब्द का  चयन कीजिए- ‘मुझे **................** केले चाहिए **|**

(क) दो किलो (ख) दो मीटर

(ग) दो किलो (घ) दो दर्जन

प्रश्न-**8**  निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर लिखिए-

2x2= 4

(क) आकाश, वृक्ष - शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(ख) प्रश्न, अँधेरा, आयात, निर्बल - शब्दों के विलोम शब्द बताइए।

प्रश्न-**9** दिए गए निर्देश के अनुसार पत्र लिखिए-

5x1= 5

आपका नाम मनीष / मनीषा है। आप गोमतीनगर, लखनऊ में रहते हैं। प्रात:काल भ्रमण के लाभ बताते हुए अपने छोटे भाई को एक पत्र लिखिए |

अथवा

आप निमेष/निकिता, केन्द्रीय विद्यालय, देवगढ़ के, कक्षा छठवीं के छात्र/छात्रा हैं | अपने भाई के वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के कारण तीन दिन की छुट्टी के लिए अपने विद्यालय के प्राचार्य महोदय को प्रार्थना पत्र लिखिए |


प्रश्न-**10** निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए।

5x1 = 5

(क) स्वतंत्रता दिवस (ख) क्रिकेट का खेल (ग) मेरा विद्यालय

प्रश्न-**11** चित्र के आधार पर **25** से **30** शब्दों में चित्र वर्णन कीजिए**|**

1.




4